# उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़

## आदेश पत्रक

### एविक्शन (Eviction) अपील वाद संख्या–54/2025

### नमेन्द्र कुमार चंचल बनाम् रमिन्द्रर सिंह गांधी

| आदेश की क्रम संख्या और तारीख | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख |
| --- | --- | --- |
| 26/07/25 | आवेदक नमेन्द्र कुमार चंचल, पिता–स्व० सरजु प्रसाद, निवास ग्राम–पंजाबी मोहल्ला, कुम्हार टोला, थाना–रामगढ़, जिला–रामगढ़ के द्वारा भवन नियंत्रक–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़ में दायर भवन किराया एवं बेदखली (Eviction Suit) वाद संख्या–01/2023 रमिन्द्रर सिंह गांधी बनाम नरेन्द्र कुमार चंचल में दिनांक–31.01.2025 पारित आदेश के विरूद्ध U/S-36 of Jharkhand Building (Lease Rent & Eviction) Control Act-2011 के तहत् अपील दायर किया गया है। प्रविष्टि के बिन्दु पर वाद सुनवाई हेतु संबंधित पक्षकारों को अपन पक्ष प्रस्तुत करने निमित तिथि निर्धारित करते हुए वाद की कार्यवाही प्रारंभ की गई।<br>अपीलार्थी के विज्ञ अधिवक्ता द्वारा प्रविष्टि के बिन्दु पर वाद अंगीकृत किए जाने निमित माननीय उच्च न्यायालय झारखण्ड, राँची के वाद संख्या W.P.(C) No.-3736/2023 में दिनांक–20.09.2023 को पारित आदेश की प्रति उपलब्ध कराते हुए वाद की कार्रवाई प्रारंभ करने का अनुरोध किया गया।<br>विद्वान सरकारी अधिवक्ता, रामगढ़ के द्वारा बहस के दौरान बताया गया कि U/S-36 of Jharkhand Building (Lease Rent & Eviction) Control Act-2011 के तहत् वाद सुनवाई की सक्षम प्राधिकार अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ है। चुँकि विषयगत मामला भवन नियंत्रक–सह–अनुमण्डल पदाधिकारी का न्यायालय, रामगढ़ में दायर भवन किराया एवं बेदखली (Eviction Suit) वाद संख्या–01/2023 रमिन्द्रर सिंह गांधी बनाम नरेन्द्र कुमार चंचल, अनुमण्डल पदाधिकारी का न्यायालय में विचाराधीन है। फलतः अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ द्वारा पारित अंतिम आदेश के पश्चात ही वाद पर सुनवाई किया जाना विधि सम्मत प्रतीत होता है।<br>अपीलार्थी के विज्ञ अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत पक्ष एवं सरकारी अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत तथ्यों अनुशीलन से स्पष्ट होता है कि अनुमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ का अंतिम आदेश पारित नहीं किया गया है। अतः अपील आवेदन को प्रविष्टि के बिन्दु पर अस्वीकृत किया जाता है।<br>संचित करें।<br>लेखापित एवं संशोधित।<br>उपायुक्त, रामगढ़      उपायुक्त, रामगढ़ | |

Digitally signed by Faiz Aq Ahmed Mumtaz
Date: 2025.08.26 12:21:46 +05:30
Location: 192.168.0.200



Scanned with OKEN Scanner